
हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

रविवार 24 मई 2026 बर्ष 02 अंक 137 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


**अनमोल वचन**

जीवन में चुनौतियों का सामना करना अनिवार्य है, लेकिन उन्हें हल करना आपके अंदर की ताकत और क्षमता का परिचय देता है।

# परीक्षाओं से उपाधि तक मात्र एक माह में हुआ पूरा

## नालंदा विश्वविद्यालय का तृतीय स्नातकोत्सव के बाद अपने देश को लौट रहे छात्र

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** नालंदा विश्वविद्यालय ने तृतीय स्नातकोत्सव एवं शास्त्रार्थ 2026 का सफल आयोजन बहुत कम समय में पूरा कर एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि हासिल की। विश्वविद्यालय ने परीक्षाओं की समाप्ति के लगभग एक माह के भीतर ही भारतीय एवं अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों को उनकी अंतिम उपाधियां प्रदान कर अकादमिक प्रक्रियाओं के प्रभावी समन्वय और समयबद्धता का उदाहरण प्रस्तुत किया। शास्त्रार्थ 2026 को शोधप्रबंध परीक्षा एवं विद्वत् विमर्श के एक सशक्त मंच के रूप में विकसित किया गया, जिसका उद्देश्य केवल औपचारिक आयोजन न होकर प्राचीन गुरुदृशिष्य परंपरा की ज्ञानपरक और संवादात्मक विरासत को पुनर्स्थापित करना था। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने कहा कि शास्त्रार्थ के माध्यम से विद्यार्थियों में वैचारिक स्पष्टता, पद्धतिगत गंभीरता, अकादमिक साहस तथा सार्वजनिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करना है। स्नातकोत्सव समारोह में 14 देशों के विद्यार्थियों भाग लिया तथा उपाधि प्राप्त करने के उपरांत वे अपने साथ नालंदा विश्वविद्यालय की स्मृतियां और शैक्षणिक अनुभव लेकर अपने–अपने देशों को लौट रहे हैं। शास्त्रार्थ 2026 के अंतर्गत शोध–विषयक अकादमिक सत्रों एवं संवादों का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता की। इस पहल ने नालंदा की प्राचीन विमर्श परंपरा को समकालीन अक. ादमिक संदर्भों से जोड़ते हुए ज्ञान, तर्क और संवाद की संस्कृति को पुनर्जीवित करने का कार्य किया।



नालंदा आज वैश्विक बौद्धिक संवाद, बहु–विषयी अध्ययन और नैतिक ज्ञान परंपरा का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनकर उभर रहा है। शास्त्रार्थ 2026 और तृतीय स्नातकोत्सव इसी दृष्टि को आगे बढ़ाते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा और समकालीन वैश्विक अकादमिक विमर्श के बीच सार्थक संवाद को सशक्त करने का एक प्रयास है।




# मंत्री ने आपदा योजना के बांटे चार लाख 75 हजार के चेक




**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** ग्रामीण विकास सह सूचना जन–संपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने शनिवार को आपदा का शिकार हुए पीड़ित परिवारों के बीच 4 लाख 75 हजार रुपये का चेक वितरण किया। हसनपुर के भरत यादव को उनके मवेशी के लिए 37 हजार 500 रुपये, डुमरी के अशोक कुमार को मवेशी के लिए 37 हजार 500 रुपये और नेकपुर निवासी बेबी देवी को आपदा के तहर चार लाख रुपये का चेक दिया गया। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि सूबे की सरकार समय पर आपदा से मिलने वाली राशि लोगों को उपलब्ध करा रही है। इससे मृतक के परिवार को राहत मिलती है। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार को एक नई पहचान दी है। गांवों को स्मार्ट बनाने का काम किया है। गांवों के लोगों को अब शहरों जैसी सुविधाएं मिल रही है। सूबे में सड़कों का जाल बिछाया गया है। हर गांव व कस्बे को सड़क से जोड़ा गया है। पर्यटन स्थलों का काफी विकास किया गया है। इसी कारण से अब बिहार में गोवा से भी अधिक पर्यटक पहुंच रहे हैं। सूबे की एनडीए की सरकार हर तरह के विकास का कार्य कर रही है। लोगों को रोजगार देने का काम किया जा रहा है। सरकार हर वर्ग के विकास के लिए काम कर रही है। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि शिक्षा हो चाहे स्वास्थ्य हर क्षेत्र में काफी विकास हुआ है। महिलाएं जीविका से जुड़कर आत्मनिर्भर बनी हैं। समाज में अपनी पहचान बनाने में सफल हुई है। सरकार आगे भी इसी तरह के विकास का काम करती रहेगी। इस मौके पर जदयू नेता मुन्ना कुमार, जदयू प्रखंड अध्यक्ष जयराम सिंह, प्रमुख रानी देवी, नगर अध्यक्ष राकेश कुमार, देवेन्द्र कुशवाहा सहित अन्य मौजूद थे।

# देर रात डीएम–एसपी ने मलमास मेला का लिया जायजा

## श्रद्धालुओं की सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था का किया निरीक्षण

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** राजगीर में आयोजित ऐतिहासिक मलमास मेला को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। शुक्रवार देर रात जिलाधिकारी कुंदन कुमार एवं एसपी भारत सोनी ने ब्रह्मकुंड परिसर, आवासन स्थलों तथा संपूर्ण मेला क्षेत्र का भ्रमण कर श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं एवं सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। इस दौरान प्रतिनियुक्त दंडा. धिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों की उपस्थिति की भी जांच की गई। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि मलमास मेला में विधि–व्यवस्था को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ड्यूटी से अनुपस्थित रहने या कार्य में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने विभिन्न आवासन स्थलों का भी निरीक्षण किया और वहां ठहरे श्रद्धालुओं से बातचीत कर उनकी सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने प्रतिनियुक्त अधिकारियों को निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए और सभी आवश्यक सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं। मेला क्षेत्र में प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। आपदा मित्रों द्वारा वृद्ध श्रद्धालुओं को व्हीलचेयर के माध्यम से ब्रह्मकुंड तक पहुंचाकर स्नान कराया जा रहा है। वहीं ब्रह्मकुंड में स्नान के दौरान श्रद्धालुओं को सीढ़ियों से उतरने और वापस आने में आपदा मित्र, दंडाधिकारी एवं पुलिस बल लगातार सहयोग कर रहे हैं। जिग–जैग कतार में खड़े श्रद्धालुओं को गर्मी से राहत दिलाने के लिए मिस्ट कूलर, मिस्ट फैन एवं



मिस्ट स्प्रे की व्यवस्था की गई है। साथ ही आपदा मित्रों द्वारा कतार में लगे श्रद्धालुओं को पानी भी पिलाया जा रहा है। एलईडी स्क्रीन पर प्रसारित भक्ति गीत श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान कर रहे हैं। प्रशासन द्वारा सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। जिला प्रशासन का कहना है कि मेला समाप्ति तक सभी व्यवस्थाओं की लगातार मॉनिटरिंग की जाएगी। गौरतलब है कि 17 मई 2026 से शुरू हुए इस ऐतिहासिक मलमास मेला में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और जिला प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना भी कर रहे हैं।



# ठनका से मरने वाले व्यक्ति के परिवार को मिला चार लाख की सहायता राशि

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** पंडितपुर गांव में शुक्रवार की शाम आंधी गरज और तेज बारिश के दौरान राकेश यादव की मौत ठनका की चपेट में आने से हो गयी थी। शनिवार को जिला प्रशासन ने पीड़ित परिवार को राहत प्रदान की है। डीएम कुंदन कुमार के निर्देश पर सीओ अनुज कुमार ने शुक्रवार की रात को ही मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना के तहत मिलने वाली चार लाख रुपये का चेक मृतक की पत्नी बबीता देवी को दिया।




# पावापुरी में भाजपा का शक्ति प्रदर्शन: प्रशिक्षण महाभियान में जुटे 250 कार्यकर्ता

## श्रेयसी सिंह ने बिहार IPL टीम और राजगीर क्रिकेट स्टेडियम को लेकर किया बड़ा ऐलान

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ/पावापुरी(नालंदा)।** भारतीय जनता पार्टी नालंदा द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ शुक्रवार को पावापुरी स्थित जैन श्वेतांबर मंदिर सभागार में किया गया। कार्यक्रम में जिले भर से लगभग 250 भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। उद्घाटन सत्र में बिहार सरकार की खेल एवं उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह, भाजपा प्रदेश महामंत्री लाजवंती झा, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रेम रंजन पटेल, भाजपा नालंदा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार, बिहारशरीफ विधायक डा. सुनील कुमार, जिला प्रभारी संजय कुमार मुन्ना, मुंगेर के पूर्व विधायक प्रणव यादव, धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष रणवीर नंदन तथा प्रशिक्षण महाभियान के प्रभारी दीपक प्रकाश सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। दो दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण शिविर में कुल 12 सत्र आयोजित किए जाएंगे। इन सत्रों में संगठन विस्तार, बूथ प्रबंधन, पार्टी की नीतियों तथा कार्यकर्ताओं की भूमिका पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया जाएगा। भाजपा इस प्रशिक्षण वर्ग के माध्यम से जिले में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपने कार्यकर्ताओं को समय–समय पर प्रशिक्षण देकर संगठन को मजबूत बनाती है। यही कारण है कि पार्टी वर्ष के 365 दिन सक्रिय रहती है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के बाद अब बिहार में कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। राजद द्वारा चुनावी चंदे को लेकर दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष मुद्दाविहीन हो चुका है और बेबुनियाद आरोप लगाकर केवल सुर्खियां बटोरने की कोशिश कर रहा है। बिहार में आईपीएल टीम की संभावना पर मंत्री ने कहा कि सरकार चाहती है कि बिहार की भी अपनी आईपीएल टीम हो, ताकि राज्य के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को बड़ा मंच मिल सके। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार आईपीएल आयोजन और टीम गठन में हरसंभव सहयोग करेगी। साथ ही राजगीर में बन रहे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में जल्द खेल गतिविधियां शुरू होंगी।




राज्यभर में प्रखंड स्तर पर खेल मैदान विकसित किए जा रहे हैं, ताकि ग्रामीण प्रतिभाओं को भी आगे बढ़ने का अवसर मिल सके। प्रदेश महामंत्री लाजवंती झा ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी के वास्तविक स्तंभ होते हैं। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि नालंदा में भाजपा की स्थिति मजबूत है, फिर भी सभी कार्यकर्ता बूथ स्तर तक संगठन को और सशक्त बनाने के लिए लगातार मेहनत कर रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा जिला प्रभारी संजय कुमार मुन्ना, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश्वर प्रसाद सिंह, श्याम किशोर प्रसाद सिंह, अचल कुमार सिन्हा, आश्रिति शर्मा, राजेश कुशवाहा, चंद्रकांता सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल, शैलेन्द्र कुमार, सुधीर सिंह, तेजस्विता राधा, साबो देवी, डॉ. अशुतोष कुमार, शिवशंकर दास, जिला महामंत्री विरेन्द्र गोप, जिला मंत्री अमरेश कुमार, राजीव रंजन, योगेंद्र मंडल, रंजू कुमारी, कंचन कुमारी, कार्यालय मंत्री गोपाल कुमार, सतीश प्रसाद, सोनू कुमार हिंदू, धीरेंद्र रंजन, उजाला कुमार सोनी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास कुमार, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष मणिकांत पासवान, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रूचि श्रीवास्तव, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष सौरव जैन, आईटी सेल संयोजक अमित शान, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास चंद्रवंशी, क्रीड़ा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष जयराम कुमार सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# हथियार के बल पर सीएनजी टेंपो और दो मोबाइल की लूट, अपराधियों की तलाश में जुटी पुलिस

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बेन(नालंदा)।** नालंदा जिले के बेन थाना क्षेत्र में बेखौफ अपराधियों ने हथियार के बल पर सीएनजी टेंपो और दो मोबाइल फोन लूट लेने की घटना को अंजाम दिया है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है तथा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। जानकारी के अनुसार, 23 मई 2026 की सुबह करीब 9 बजे निरंजन कुमार बेन थाना पहुंचे और लिखित आवेदन देकर घटना की जानकारी पुलिस को दी। पीड़ित ने बताया कि 22 मई की रात करीब 12 बजे वह कोल्हुआ दाहाघाट के रास्ते से गुजर रहे थे। इसी दौरान चार अपराधी मोटरसाइकिल पर सवार होकर पहुंचे और हथियार का भय दिखाकर उनका सीएनजी टेंपो एवं दो मोबाइल फोन लूट लिया। घटना की सूचना मिलते ही बेन थाना पुलिस हरकत में आ गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) टीम को मौके पर बुलाया गया। एफएसएल टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस द्वारा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को खंगाला जा रहा है ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके। साथ ही अज्ञात अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार रेड और छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में वादी निरंजन कुमार, पिता विशुनदेव यादव, निवासी बौरी, थाना खुदागंज, जिला नालंदा के लिखित आवेदन के आधार पर बेन थाना कांड संख्या 128/26 दर्ज किया गया है। मामला भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 309(4) के तहत दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है तथा जल्द ही अपराधियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# एक ही जमीन की दो जमाबंदी का आरोप, पैमाइश के दौरान मारपीट और सोने की चेन छिनने का मामला

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** नालंदा जिले के बिहारशरीफ प्रखंड अंतर्गत मेघी नगमा मौजा में एक ही जमीन की दो अलग–अलग जमाबंदी कायम किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि अंचल कार्यालय की लापरवाही और कथित भ्रष्टाचार के कारण जमीन विवाद उत्पन्न हुआ, जिसके चलते पैमाइश के दौरान मारपीट की घटना भी हुई। पीड़ित ने दीपनगर थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार मेघी नगमा मौजा, थाना नंबर 319, खाता संख्या 842 एवं 807, प्लॉट संख्या 5387 और 5390 की जमीन पूर्वजों से छात्रधारी साब उर्फ छोटू साब, पिता भोनू साब, निवासी दीपनगर थाना, जिला नालंदा के नाम से जमाबंदी रजिस्टर–2 में दर्ज है। रंजीत कुमार चौधरी ने बताया कि उन्होंने उक्त जमीन का मालिक से एग्रीमेंट कराया है। जमीन की सरकारी पैमाइश के लिए बिहार सरकार के पोर्टल पर 4 फरवरी 2026 को ऑनलाइन आवेदन दिया गया था, जिसका लॉगिन संख्या 010012600302 एवं मापी अभिलेख संख्या 1064/2526 है। उन्होंने बताया कि पहले दो बार पैमाइश की तिथि निर्धारित हुई थी, लेकिन किसी कारणवश पैमाइश नहीं हो सकी। तीसरी बार 23 मई 2026 को सरकारी अमीन द्वारा जमीन की पैमाइश की जा रही थी। इसी दौरान कुछ लोग कथित रूप से नकली कागजात लेकर पहुंचे और जमीन पर अपना दावा करने लगे।

रंजीत कुमार चौधरी का आरोप है कि जब उन्होंने संबंधित लोगों से रजिस्टर–2, पुरानी जमाबंदी और पंजीयन दस्तावेज दिखाने की मांग की तो दबंग लोगों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान उनके साथ मौजूद रोशन कुमार एवं नागेंद्र कुमार के साथ भी मारपीट की गई तथा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अभद्र व्यवहार किया गया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान उनके गले से एक भर सोने की चेन भी छीन ली गई। घटना के बाद उन्होंने दीपनगर थाना में आवेदन देकर दोषियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। रंजीत कुमार चौधरी ने बिहार सरकार से मांग करते हुए कहा कि जिस अधिकारी एवं कर्मचारी द्वारा एक ही जमीन की दो जमाबंदी कायम की गई है, उनके खिलाफ कठोर विभागीय कार्रवाई की जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरे विवाद की जड़ अंचल कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी हैं तथा ऐसे भ्रष्ट और लापरवाह कर्मियों की संपत्ति की जांच कर कार्रवाई होनी चाहिए।






# हरनौत बाजार के सरकारी अस्पताल के सामने स्टाइल बाजार मॉल का हुआ भव्य उद्घाटन

## सांसद कौशलेंद्र कुमार,पूर्व विधायक इंजीनियर सुनील कुमार समेत दर्जनों गन्यमान लोग रहे मौजूद

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत(नालंदा)।** हरनौत बाजार मेन रोड स्थित सरकारी अस्पताल के सामने शनिवार को स्टाइल बाजार मॉल का भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर नालंदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार, हरनौत के पूर्व विधायक इंजीनियर सुनील कुमार, जदयू जिला अध्यक्ष मोहम्मद अरशद, जदयू प्रखंड अध्यक्ष रविकांत कुमार, हरनाथ नगर पंचायत के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि धीरज कुमार उर्फ पल्लू सिंह,उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सुरेश सिंह, हरनौत थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा,प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉक्टर पंकज कुमार,आंचला अधिकारी पूजा कुमारी,वार्ड पार्षद प्रतिनिधि संतोष कुमार सिंह, जदयू कार्यकर्ता कक्कू सिंह समेत दर्जनों गन्यमान लोग मौजूद थे। उदघाटन समारोह में आए हुए सभी मुख्य अतिथियों को स्टाइल बाजार मॉल के संचालक नीतीश कुमार के द्वारा अंग वस्त्र एवं बुके देकर स्वागत किया गया।इस मौके पर संसद कौशलेंद्र कुमार ने संचालक नीतीश कुमार को बधाई देते हुए कहा कि हरनौत बाजार ग्रामीण क्षेत्र का बाजार है। यहां पर मॉल खुलने से लोगों को काफी राहत मिलेगी। यहां पर बच्चा से लेकर बुजुर्ग तक के कपड़ा एवं खाने पीने के समान और घरेलू सामान उपलब्ध हैं। वही मॉल के संचालक नीतीश कुमार ने बताया कि किफायती दामों पर फैशनेबल परिधान उपलब्ध कराने वाली प्रसिद्ध स्टाइल बाजार मॉल का उदघाटन मेरे पिता उमेश प्रसाद सिंह एवं माता दिव्यावती देवी के द्वारा किया गया है। मॉल में पुरुषों महिलाओं एवं बच्चों के लिए परिधानों के साथ–साथ घरेलू वस्तुओं का भी असीमित कलेक्शन ग्राहकों को मिलेगा। उदघाटन के अवसर पर ग्राहकों के लिए विशेष आकर्षण और सुविधाएं उपलब्ध है। हरनौत बाजार में पहली बार बड़े शहरों जैसा सुविधा अब यहां के लोगों को मिलेगी।



स्टाइल बाजार जैसी राष्ट्रीय स्तर के मॉल का यहां खोलने से क्षेत्र के लोगों को नई फैशन और विशाल रेंज के साथ खरीदारी करने का मौका मिलेगा। मौके पर मौजूद उप मुख पार्षद प्रतिनिधि सुरेश सिंह ने कहा कि पहले ऐसे ब्रांड बड़े शहरों तक ही सीमित थे। जिस कारण लोगों को नए फैशन और बड़े रेंज में विकल्प चुनने के लिए बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था। इस मौके पर दीपक कुमार, राजेश कुमार, मुखिया हरिनारायण सिंह,रामप्रवेश सिंह, दीपेश कुमार, कारू,गुड्डू समेत दर्जनों लोग मौजूद थे



# छठीं बार जदयू प्रखंड अध्यक्ष बने रविकांत



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत(नालंदा)।** हरनौत बाजार के पटेल नगर मुहल्ले के निवासी रविकांत कुमार अब छठी बार जद(यू) प्रखंड अध्यक्ष के कमान संभ. ालेंगे।उनके छठी बार प्रखंड अध्यक्ष बनाए जाने से स्थानीय जदयू कार्यकर्ताओं में उत्साह है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन को मजबूती मिली है। उनके कार्यकाल में कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करने का अवसर प्राप्त हुआ। वहीं प्रखंड अध्यक्ष श्री कुमार ने जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, सासंद कौशलेंद्र कुमार,हरनौत विधायक हरिनारायण सिंह समेत अन्य के प्रति आभार व्यक्त किया है।वहीं जद(यू) प्रखंड प्रवक्ता रौशन ने बधाई देते हुए कहा कि उन्हें छठी बार जद(यू) प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा द्वारा प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया है।वहीं छठी बार जद(यू) प्रखंड अध्यक्ष बनाने पर हरनौत बाजार स्थित जद(यू) पार्टी कार्यालय में लोगों ने गुलदस्ता भेंट कर एवं फूल माला पहनाकर स्वागत किया एवं शुभकामनाएं दी।कार्यकर्ताओं ने उनके पुनः मनोनयन के लिए प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है।इस दौरान प्रो. शंभू प्रसाद,दिपक, धनंजय, संजय, दिनेश कुमार, नितिश, विष्णुकांत ,बंटी, टुनटुन,कारू, रामप्रवेश, कक्कू आदि कार्यकर्ताओं सहित कई अन्य लोगों ने रविकांत कुमार को बधाई दी। कार्यकर्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में पार्टी संगठन और अधिक मजबूत होगा। साथ ही, क्षेत्र में विकास कार्यों को भी गति मिलेगी।

# जिला और प्रखंड अध्यक्ष मनोनयम पर संजय कांत ने दी बधाई

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत(नालंदा)।** हरनौत विधान सभा क्षेत्र के राज्य परिषद सदस्य प्रदेश महासचिव संजय कांत ने जद(यू) के जिला अध्यक्ष पद पर मो. अरशद का मनोनयन होने पर बधाई दी है। इसी तरह हरनौत प्रखंड अध्यक्ष के पद पर रविकांत कुमार और चंडी प्रखण्ड अध्यक्ष के पद पर रविन्द्र कुमार उर्फ सुनील मुखिया के पुनः मनोनयन पर संजय कांत सिन्हा ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि इनलोगों ने हमेशा से पार्टी हित में समर्पित होकर कार्य किया है। पार्टी को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्य सभा सदस्य पूर्व मुख्य मंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व में पार्टी नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

# शादिशुदा युवक ने किया दूसरा शादि, पहले वाले पत्नी ने किया केस

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत(नालंदा)।** हरनौत प्रखंड तेलमर गांव के निवासी भगवान मांझी के पुत्री तारा देवी ने बिहार शरीफ स्थित महिला थाना में अपने पति फंटुस मांझी समेत अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाई है। उन्होंने बताया कि 8 वर्ष पूर्व तेलमर पंचायत के बेगमपुर बलवापर के निवासी राजन मांझी के पुत्र फंटुस मांझी के साथ हिंदू रीति रिवाज के साथ शादी हुई थी। उपहार के रूप में नगद, जेवरात सहित अन्य सामान दिए थे। 8 वर्ष के दौरान ठीक–ठाक से जीवन रहा था। जिसमें एक दो वर्ष की पुत्री भी है। लेकिन पति,सास व ससुर ने दहेज सहित हीरो होंडा मो. टरसाइकिल की मांग करने लगे। बार–बार प्रताड़ित करता रहा।लेकिन बीते छः मई को ससुराल वालों ने घर से निकाल दिया। यहां तक पति फटुंस ने दूसरी शादी( बाढ़ थाना क्षेत्र के थम्बा गांव के मंजु देवी) करके अपने घर पर रहा है। जबकि हम ससुराल छोड़कर अपने मायके में अपने माता–पिता के साथ रह रही हूं। उन्होंने न्याय की गुहार लगाई है। वहीं केस के आईओ सुमन कुमारी ने बताई की एफआईआर दर्ज कर ली गई है जांच पड़ताल जारी है।






# औद्योगिक विकास को गति : ₹350 करोड़ के निवेश से 2300 रोजगार के अवसर होंगे सृजित

## 20 प्रस्तावों को पीसीसी की बैठक में मिली स्वीकृत

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** उद्योग विभाग, बिहार सरकार के अंतर्गत बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार की प्रोजेक्ट क्लियरेंस कमिटी की बैठक उद्योग विभाग के सचिव सह प्रबंध निदेशक, बियाडा एवं आईडा, कुंदन कुमार की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। इस बार की बैठक में समिति द्वारा 20 परियोजनाओं को लगभग 30 एकड़ भूमि आवंटित किया गया। प्रस्तावित परियोजनाओं के माध्यम से राज्य में ₹350 करोड़ के निवेश का अनुमान है, जिससे लगभग 2300 लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। माननीय उद्योग मंत्री सुश्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि राज्य में स्वीकृत हो रही नई औद्योगिक परियोजनाएँ बिहार के औद्योगिक एवं तकनीकी विकास को नई दिशा प्रदान कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से स्थानीय युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार एवं कौशल आधारित अवसर सृजित होंगे। बिहार सरकार निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण विकसित करते हुए राज्य को आधुनिक औद्योगिक एवं विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उद्योग विभाग के सचिव सह बियाडा एवं आईडा के प्रबंध निदेशक श्री कुंदन कुमार ने कहा कि राज्य सरकार संतुलित एवं समग्र औद्योगिक विकास के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।



बियाडा के माध्यम से पारदर्शी एवं समयबद्ध प्रक्रिया के तहत निवेशकों को औद्योगिक भूखंड उपलब्ध कराए जा रहे हैं। साथ ही, सुदृढ़ अवसंरचना, बेहतर कनेक्टिविटी, सुगम प्रक्रियाएँ एवं नीतिगत सहयोग के माध्यम से निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि परियोजनाओं का त्वरित एवं प्रभावी क्रियान्वयन हो सके।समिति द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं में खाद्य प्रसंस्करण, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, पीईबी फैब्रिकेशन निर्माण, फर्नीचर निर्माण, पीवीसी एवं यूपीवीसी पाइप निर्माण, सीबीजी, हेल्थकेयर तथा जनरल मैन्युफैक्चरिंग जैसे विविध क्षेत्र शामिल हैं। इन परियोजनाओं के माध्यम से राज्य में औद्योगिक आधार को मजबूती मिलेगी तथा स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों का विस्तार होगा। ये इकाइयाँ राज्य के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में स्थापित की जाएंगी जिनमें प्रमुख है आईए कुमारबाग, आ. ईजीसी बेगूसराय, आईए हाजीपुर, आईए पाटलिपुत्र, ५। बरियारपुर एवं आईए सासाराम। प्रमुख स्वीकृत इकाइयों में भारत जीपीएस बायोएनर्जी प्राइवेट लिमिटेड, क्रिसपैनो फूड्स एंड बेवरेज प्राइवेट लिमिटेड, एसपी इंस्टीट्यूट ऑफ वर्कफोर्स डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड, एक्सपीरिया प्रीफैक्सो प्राइवेट लिमिटेड, रायश हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड और मखायो फूड्स प्राइवेट लिमिटेडसहित अन्य कंपनियां शामिल हैं। इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन से राज्य में औद्योगिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी तथा युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी।

# परीक्षा अव्यवस्था के विरोध में अभाविप का प्रदर्शन

## विश्वविद्यालय प्रशासन और कॉलेज प्राचार्य का पुतला दहन

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् (अभाविप) बिहार श्रीनगर इकाई द्वारा पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय प्रशासन, किसान कॉलेज एवं नालंदा कॉलेज के प्राचार्य के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया गया। प्रदर्शन के दौरान छात्र नेताओं ने परीक्षा व्यवस्था में भारी अव्यवस्था और प्रशासनिक लापरवाही का आरोप लगाया। इस अवसर पर अभाविप नालंदा के जिला संयोजक प्रतीक राज ने कहा कि वर्तमान में आयोजित परीक्षाओं के दौरान महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय प्रशासन की गंभीर लापरवाही सामने आ रही है। परीक्षा कक्षों में निर्धारित क्षमता से अधिक विद्यार्थियों को बैठाया जा रहा है, जिससे छात्रों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य साहिल मेहता ने कहा कि भीषण गर्मी के बीच एक ही कमरे में अत्यधिक संख्या में छात्रों को बैठाने से घुटन, उमस और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। वहीं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अदिति ने कहा कि प्रतिदिन विद्यार्थियों को चक्कर आने, बेचौनी और असहजता की शिकायतें मिल रही हैं। परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण अवसर पर इस प्रकार की अव्यवस्था छात्रों के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है।

विभाग छात्रा प्रमुख गुड़िया कुमारी ने छात्रहित में प्रशासन से कई मांगें रखीं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परीक्षा कक्ष में निर्धारित क्षमता के अनुसार ही विद्यार्थियों को बैठाया जाए, अतिरिक्त कक्षों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा सभी परीक्षा कक्षों में पंखा, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही भीषण गर्मी को देखते हुए परीक्षा व्यवस्था को मानवीय एवं व्यवस्थित बनाने तथा भविष्य में ऐसी लाप. रवाही रोकने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश जारी करने की मांग की। नगर मंत्री अविनाश कुमार ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र उचित कदम नहीं उठाए गए तो अभाविप छात्रहित में उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। प्रदर्शन के दौरान नेहा कुमारी, सिमरन कुमारी, मनीषा कुमारी, मुस्कान कुमारी, विवेक कुमार, रजनीश कुमार, लभ गोप, रोहित महतो, अभिषेक रौशन, अनमोल कुमार, शांतनु कुमार, हिमांशु कुमार, इशांत कुमार, शिवम कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आपदा मित्र की ईमानदारी बनी मिसाल श्रद्धालु का ₹10 हजार से भरा पर्स लौटाया

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट (नालंदा)।** कुंड परिसर में एक श्रद्धालु का खोया हुआ पर्स आपदा मित्र द्वारा बरामद कर ईम. ानदारी का परिचय दिया गया। पर्स में मौजूद मा. ेबाइल नंबर के आधार पर संबंधित श्रद्धालु से संपर्क स्थापित किया गया और सुरक्षित रूप से पर्स वापस कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, कुंड परिसर में ड्यूटी के दौरान आपदा मित्र की नजर एक लावारिस पर्स पर पड़ी। पर्स की जांच करने पर उसमें नगद ₹10,000 राशि सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज मिले। इसके बाद आपदा मित्र ने तत्परता दिखाते हुए पर्स में उपलब्ध मोबाइल नंबर के माध्यम से संबंधित श्रद्धालु से संपर्क किया। संपर्क होने के बाद श्रद्धालु को बुलाकर उनका पर्स सुरक्षित तरीके से वापस सौंप दिया गया। अपना खोया हुआ पर्स और नगद राशि सही–सलामत वापस मिलने पर श्रद्धालु काफी खुश नजर आए। उन्होंने आपदा मित्र की ईम. ानदारी, जिम्मेदारी और तत्परता की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।



इस घटना के बाद कुंड परिसर में मौजूद लोगों ने भी आपदा मित्र के कार्य की प्रशंसा की। लोगों का कहना था कि इस तरह की ईमानदारी समाज में सकारात्मक संदेश देने का काम करती है।

# सरपंच का डांसर के साथ वीडियो वायरल, सोशल मीडिया पर तेज हुई चर्चाएं



**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** नालंदा जिले के बिहारशरीफ स्थित पचौड़ी पंचायत के सरपंच विनोद कुमार का एक वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो को लेकर इलाके में चर्चाओं का बाजार गर्म है। वीडियो में सरपंच एक नर्तकी के साथ मंच पर डांस करते दिखाई दे रहे हैं। वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि सरपंच विनोद कुमार नर्तकी को गोद में उठाकर डांस कर रहे हैं। इस दौरान मंच पर मौजूद लोग शोर मचाते और कार्यक्रम का आनंद लेते नजर आ रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर लोग तरह–तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। कुछ लोग इसे व्यक्तिगत मामला बता रहे हैं, तो कई लोग जनप्रतिनिधि की गरिमा और जिम्मेदारियों को लेकर सवाल उठा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पंचायत प्रतिनिधियों को क्षेत्र के विकास, जनता की समस्याओं के समाधान और न्याय व्यवस्था को मजबूत करने की जिम्मेदारी दी जाती है। ऐसे में किसी जनप्रतिनिधि का इस तरह का वीडियो सार्वजनिक होना लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है।बताया जा रहा है कि यह वीडियो किसी सांस्कृतिक कार्यक्रम या निजी आयोजन का है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। वीडियो वायरल होने के बाद पंचायत क्षेत्र में भी इसे लेकर अलग–अलग तरह की चर्चाएं हो रही हैं। वहीं सोशल मीडिया पर कई यूजर्स इस वीडियो को तेजी से शेयर कर रहे हैं और अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। हालांकि अभी तक इस मामले में सरपंच विनोद कुमार की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। हालांकि, केशववाणी न्यूज़ इस वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है।




